CSMT पर अव्यवस्था का आलम

यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट का बुरा हाल, दुरुस्त करने में जुटी रेलवे

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

लगातार 4 दिनों से चल रहे मराठा आंदोलन के चलते मुंबई के सबसे व्यस्ततम रेलवे स्टेशन सीएसएमटी पर गंदगी का अंबार जमा हो गया है। अधिकतर आंदोलनकारी यहीं शरण ले रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि आंदोलन के चलते यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट सीएसएमटी स्टेशन की खूबसूरती प्रभावित हो रही है। हालत यह है कि जहां देखो वहां दूषित खाद्य सामग्री दिखाई दे रही है। ऐसे में साफ-सफाई के इंतजाम भी नदारद दिख रहे हैं। रेलवे प्रशासन कुछ नहीं कर पा रहा है। पूछे जाने पर मध्य रेलवे के एक अधिकारी का कहना है कि यह मामला काफी संवेदनशील है। यदि हमारा कोई अधिकारी कुछ बोलने की भी कोशिश करता है, तो सामने वाले उस पर भारी पड़ रहे हैं।

ट्रेन रोके जाने से दिनभर प्रभावित हुई सेवाएं: सप्ताह के पहले ही दिन मुंबईकरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आंदोलन के दौरान दोपहर करीब 12 से 12:15 के बीच सीएसएमटी के प्लैटफार्म नंबर 1 और 2 के बीच के ट्रैक पर धरना दिया था। ट्रैक पर मौजूद ट्रेन काफी समय तक अटकी रही। इस वजह से ट्रेन का टाइम टेबल भी बिगड़ गया। हालांकि, कुछ समय बाद पुलिस ने सभी को हटाया और फिर सेवा को बहाल किया गया। इसका असर अन्य लोकल पर भी हुआ और दिनभर ट्रेनें देरी से चलीं। जिसका खामियाजा मुंबईकरों को भुगतना पड़ा।

टिकट चेकिंग व्यवस्था बंद: बीते 4 दिनों से मध्य रेलवे के स्टेशनों पर टिकट चेकिंग व्यवस्था बंद है। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। स्टेशन की क्षमता से अधिक लोग सीएसएमटी स्टेशन पर मौजूद हैं, जिनके सामने पुलिस बल की संख्या काफी कम है। रेलवे चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रहा है। रेलवे का कहना है कि मामला संवेदनशील होने की वजह से कोई जोर जबरदस्ती नहीं की जा रही है।

महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल: महिला यात्रियों का कहना है कि उनकी सुरक्षा को खतरा बढ़ता जा रहा है। बार-बार महिलाओं के आरक्षित डिब्बों में पुरुष चढ़ रहे हैं। महिलाओं का कहना है कि पुरुषों की संख्या और आक्रामकता देखकर वे लाचार हो जा रही हैं। ऐसे में पुलिस और रेलवे प्रशासन भी कुछ नहीं कर रहा है।

GRP कमिश्नर ने किया CSMT का दौरा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : सीएसएमटी के अंदर और बाहर सोमवार शाम जीआरपी कमिश्नर एम.कलासागर और डीसीपी प्रदन्या जेडगे भारी-भरकम दल बल के साथ हालात का जायजा लेते नजर आए। इस दौरान जीआरपी कमिश्नर रेलवे पुलिस बल के जवानो और अधिकारियो से हालचाल पूछ रहे थे। उन्होने करीब एक घंटे तक पूरे इलाके का निरीक्षण किया और मातहत अधिकारियो को दिशा-निर्देश देते हुए दिखाई दिए। मुंबई पुलिस के वरिष्ठ अधिारियो ने भी दल-बल के साथ मौके का मुआयना किए। ट्रैफिक के जॉइंट सीपी अनिल कुंभारे ने भी हालात का जायजा लिया। मंगलवार से हालात मे बदलाव का अनुमान है।

BEST को 1 दिन में करीब 7 करोड़ रुपये का नुकसान

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: आंदोलन की वजह से बेस्ट बस को काफी नुकसान झेलना पड़ रहा है। एक अधिकारी के अनुसार, कई बसों का रूट भी हर दिन बदल दिया जा रहा है, नतीजन बेस्ट बस को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, महज एक दिन में ज्यादातर बसें डाइवर्ट और कुछ बसें कैंसल हुईं बेस्ट के यात्री काफी कम हो गए हैं और उनकी कमाई में भी करीब 7 करोड़ की गिरावट देखी गई है। आधिकारिक आकड़ों के अनुसार, 29 अगस्त को बेस्ट बस में 1,727, 263 यात्रियों ने यात्रा की और 21,855, 749 रुपये की आय अर्जित की, तो 30 अगस्त को 1, 861,519 यात्रियों ने यात्रा की और 23, 569,433 रुपये की आय अर्जित की गई। लेकिन 31 अगस्त को इन आंकड़ों में भारी गिरावट देखी गई। आंदोलन और पांचवें दिन के गणपति के विसर्जन के कारण ज्यादातर बसें डाइवर्ट की गई और कुछ बसें कैसल भी की गई थी। इस दिन 1,281, 327 ने यात्रा की और 16, 822, 684 रुपये की आय अर्जित की गई।

OBC से ही आरक्षण चाहिए, यह जिद क्यों: छगन भुजबल

■ पेज 1 से आगे

भुजबल ने कहा कि अदालत ने साफ किया है कि मराठा और कुनबी एक नहीं, अलग-अलग जातियां हैं। मराठा समाज सामाजिक दृष्टि से पिछड़ा नहीं है। ऐसे में मराठा और कुनबी को एक नहीं किया जा सकता। आरक्षण की मांग को लेकर गुजरात में पाटीदार, राजस्थान में गुर्जर और हरियाणा में जाटों के मोर्चे निकले। इसके बाद आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) आरक्षण का विकल्प सामने आया।

केंद्र सरकार ने यह कानून बनाया कि जो समूह दलित, आदिवासी में नहीं आते, लेकिन वे आर्थिक और शिक्षा की नजर से पिछड़े हैं, लेकिन सामाजिक दृष्टि से नहीं, उनके लिए 10 प्रतिशत आरक्षण है। इस आरक्षण में 10 में से 8 मराठा समाज के उम्मीदवारों को फायदा हुआ। ईडब्ल्यूएस के बाद पाटीदार, जाट और गुज्जरों के आंदोलन थम गए। मराठा समाज को सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्ग से 10% आरक्षण दिया गया है। उसे बचाए रखने की लड़ाई जारी है। भुजबल ने सवाल किया कि फिर भी ओबीसी से ही आरक्षण चाहिए, यह जिद क्यों? उन्होंने कहा कि 50% से कम का आरक्षण सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों का है। ओबीसी को 27% आरक्षण है, जिसमें अब 17% बचा है। 6% भटक्या विमुक्त को और 2% गोवारी समाज को दिया गया। ओबीसी की 374 जातियां हैं, इसलिए मराठा समाज को हमारे बीच न डालें। इसी अनुरोध के साथ मैंने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। उस समय दोनों उपमुख्यमंत्री मौजूद थे। जिस दिन राज्य सरकार यह सीमा लांघेगी, अगले दिन हम अदालत जाएंगे और आंदोलन करेंगे। भुजबल ने कहा कि मराठी आंदोलनकारियों की मांगों को लेकर हमें कुछ नहीं कहना है।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

भर्ती
भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
अकादमिक
शिक्षक
आवश्यकता है-ट्रेंड,डी.एड व टी.ई.टी. उत्तीर्ण शिक्षकों की, अल्पसंख्यक ठाणे स्थित नवबाल स्कूल मे, 6 सितंबर तक 500 रू डी.डी. के साथ आवेदन करें! हरे कृष्णा एजुकेशन सो., हरि क्लिनिक, चेम्बूर कैंप, मुंबई -74
व्यक्तिगत
नाम परिवर्तन
I, Mukendra Singh r/o Agra, U.P-283102 changed my Daughter name from Kumari Riya to Riya vide aff. dt. 29-08-2025 No 45AB259171 at Nashik
I, Susmita Das Wife of Sarat Maity r/o Chandipur, W.B-721659 changed my name from Susmita Das to Susmita Das Maity vide aff. dt. 30-08-2025 No 45AB563193 at Nashik
I, Damodar Father of Sinvhale Rameshwar Damodar r/o Jalgaon, M.H-424201 changed my name from Damodar to Damodar Dagadu Sinhale vide aff. dt. 30-08-2025 No 45AB563203 at Nashik
I, Sinvahale Rajubhai Mother of Sinvhale Rameshwar Damodar r/o Jalgaon, M.H-424201 changed my name from Sinvahale Rajubhai to Rajnibai Damodar Sinhale vide aff. dt. 30-08-2025 No 45AB563204 at Nashik
I, Pradyot Kumar Guria Father of Sailan Kumar Guria r/o Nandakumar, W.B-721648 changed my name from Pradyot Kumar Guria to Produyot Kumar Guria vide aff. dt. 28-08-2025 No 45AB563220 at Nashik
I, Yogesh Sanjay Chate S/O, Sanjay Namdevrao Chate R/o Flat No. 103, A/6, Sai Co-operative Society, Kalpak Estate, Antop Hill, Mumbai-400037 have changed my name to Yogesh Sanjayrao Chate for all purposes
I, Sangeeta Panche Wife of

टेंडर और नोटिस
सार्वजनिक सूचना (नोटिस)
सार्वजनिक सूचना
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुझे मैसर्स प्राइम रियल्टी एलएलपी के अधिकार, स्वत्व और हित की जाँच करने हेतु निर्देश दिए गए हैं, जो कि नीचे अनुसूची में वर्णित संपत्ति से संबंधित है।
वे सभी व्यक्ति, जिनका निम्नलिखित संपत्ति पर विरासत, करार, समझौता ज्ञापन, अनुबंध, बिक्री, बंधक, कब्जा, दान, पट्टा, उप-पट्टा, लाइसेंस, ग्रहणाधिकार, प्रभार, न्यास, भरण-पोषण, सुखभोग, किराएदारी, उप-किराएदारी या किसी अन्य रूप में कोई दावा है, वे इस सूचना के जारी होने की तिथि से 14 (चौदह) दिनों के भीतर अपने दावे की सीमा और प्रकृति के साथ सहायक दस्तावेजी साक्ष्य के साथ नीचे दिए गए विवरण पर लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें। ऐसा करने में विफल रहने पर, यह माना जाएगा कि कोई दावा नहीं है और/या वे माफ/त्याग दिए गए हैं और जैसा कि ऊपर बताया गया है, अधोहस्ताक्षरी को छोड़कर ऐसे दावे को सूचित करने के लिए अपनाई गई कोई भी अन्य विधि पर विचार नहीं किया जाएगा।
उपर्युक्त संदर्भित संपत्ति की अनुसूची
डॉ. एनी बेसेंट रोड, जी-साउथ वार्ड, वर्ली, मुंबई स्थित और अवस्थित 1,672 वर्ग मीटर भूमि के उस संपूर्ण टुकडे. और पार्सल पर निर्मित, जिसका कैडस्ट्राल सर्वेक्षण संख्या 2 (भाग) वर्ली डिवीजन है, 'सीजे रेसिडेन्सी' नामक इमारत ('उक्त इमारत') की 14वीं
Public Notice
With reference to the newspaper advertisement dated 01.09.2025, inviting offers for the Redevelopment Shishira CHSL,located at:Yamuna Nagar, Oshiwara, Andheri (W), Mumbai 400 053 We would like to inform all interested parties that the Legal Advisor for the said redevelopment project is:
M/s. Solicis Lex
Advocates & Solicitors Solicis JVPD (Juhu)Office902, 9th Floor,Sukhmani Building,Juhu Himalaya CHSL (Sukhmani Building),Above Turakhia Opticians,10th JVPD Road, Juhu, Mumbai
Email:jvpd@solicislex.com
All further communications and legal matters related to the redevelopment shall be coordinated through the appointed legal advisor.
Issued by the Managing Committee of Shishira CHSL

सार्वजनिक सूचना
वैकल्पिक निवेश कोष की इकाइयों की बिक्री (सभी परिपत्र: SEBI/HO/AFD/PoD-1/P/CIR/2024/026 दिनांक 26 फरवरी, 2024 और SEBI/HO/AFD-1/AFD-1-PoD/P/CIR/2024/100 दिनांक 9 जुलाई, 2024)
यह सूचित किया जाता है कि IPAL Fund Managers LLP, जो IPAL Residential Opportunities Fund-I के लिए निवेश प्रबंधक के रूप में कार्यरत है - जो कि एक SEBI पंजीकृत श्रेणी II वैकल्पिक निवेश कोष है (पंजीकरण संख्या: IN/AIF2/12-13/0034) - उपर्युक्त SEBI परिपत्रों के अनुरूप कोष की अप्रयुक्त निवेश का प्रतिनिधित्व करने वाली न्यूनतम २५% इकाइयों ("इकाइयों") की बिक्री का प्रस्ताव करता है। बोली लगाने की विंडो ०१ सितंबर २०२५ से १९ सितंबर २०२५ तक खुली रहेगी। इच्छुक और पात्र निवेशक आगे की जानकारी प्राप्त करने और रुचि व्यक्त करने के लिए निम्नलिखित ईमेल पते पर संपर्क कर सकते हैं: investors_rof1@ipal.co.in यह सूचना किसी भी प्रतिभूति को खरीदने या बेचने के लिए प्रस्ताव या आग्रह नहीं है। निवेश प्रबंधक को बिक्री प्रक्रिया को संशोधित, स्थगित या समाप्त करने, का अधिकार है, बिना कोई कारण बताए। निवेश प्रबंधक के सभी निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होंगे। यह सूचना SEBI दिशा निर्देशों के अनुरूप इकाइयों की बिक्री में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु जारी की गई है।
Sd/-
IPAL Residential Opportunities Fund-I की ओर से PAL Fund Managers LLP
दिनांक: ०१/०९/२०२५ स्थान: मुंबई

निविदाएं (टेंडर्स)
LIC
भारतीय आयुर्विमा महामंडळ
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
भारतीय जीवन बीमा निगम, एमडीओ-4, ओएस विभाग, तृतीय तल, पूर्व विंग, योगक्षेम भवन, जीवन बीमा मार्ग, मुंबई - 400 021.
फोन नंबर ६६५९९२४१/ ९२४३/ ९२३९/ ४० ईमेल - os.mumbai-do4@licindia.com
कूरियर सेवाओं के लिए निविदा
एलआईसी ने कूरियर सेवाओं के लिए निविदा हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.licindia.in देखें। वरिष्ठ मंडल प्रबंधक
खरीदारी
बच्चों के खिलौने/ उत्पाद
Factory Stock Sales (Wholesale/Retail) 1. Baby Rompers 2. Baby Footie 3. TShirts. 4. Fashion Pyjama. 5 Boxer Shorts. Amijit. E7, WICEL Compound, Opp. Seepz Main Gate 1, MIDC, Andheri East, Mumbai -93. 8779220090
घड़ियां

WE BUY Old Watches

आकस्मिक निधन
दुःखद निधन

हमें सभी रिश्तेदारों को यह सूचित करते हुए अत्यंत दुःख हो रहा है कि हमारी माताजी श्रीमती आशा विलास सोहोनी का देहांत 29 अगस्त 2025 को हो गया है।
उनका दशक्रिया अनुष्ठान 7 सितंबर को होगा।
ओम शांती!
मानसी दिवेकर
गणेश दिवेकर
मानस दिवेकर
हिता दिवेकर
संपर्क : 98201 43346
TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

NBT स्मृति यादों के चिराग
॥ वैकुण्ठवास ॥

हमारी परमप्रिया
श्रीमती पूनम निलेश अग्रवाल
का स्वर्गवास रविवार, 31 अगस्त 2025 को हो गया है।
-: प्रार्थना सभा :-
बुधवार, 3 सितम्बर 2025 : सायं 5 बजे से 6 बजे तक
स्थान : रजिया देवी हॉल, डी.जी. खेतान इंटरनेशनल स्कूल, ऑफ लिंक रोड, सुंदर नगर के पीछे, मालाड (पश्चिम), मुंबई-64
-: शोकाकुल :-
पति : निलेश मदनमोहन अग्रवाल
सास-ससुर : कुसुमलता-स्व.मदनमोहन अग्रवाल
चाचा ससुर-सास : सत्यप्रकाश-मधु
जेठ-जेठानी : रामेश्वर - रजनी, विनोद-तनुजा, शेखर- मधु
जेठुता-बहू : योगेश्वर-राशी
पुत्री-दामाद : अनुपमा-संकेतजी अग्रवाल, रिद्धि-पृथ्वीजी बोस, मनीषा
ननद-जंवाई : जयश्री-प्रवीणजी शाह, सरस्वती-स्व.जयेशजी गुप्ता एवं समस्त अग्रवाल परिवार
पिहर पक्ष : श्रीमती आशा-विजयजी वार्ष्णेय एवं समस्त वार्ष्णेय परिवार
प्रतिष्ठान : अनुपमा ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन

॥ राम ॥ राम ॥ राम ॥ राम ॥ राम ॥ राम ॥ राम ॥ राम ॥
॥श्रीहरि:॥
॥ प्रथम पुण्यतिथी ॥

स्व.रोहित भूतड़ा
(26 नवम्बर 1987-02 सितम्बर 2024)

मांग नहीं मानी, तो 5 करोड़ से ज्यादा लोग आएंगे: जरांगे

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई:

आजाद मैदान पर डेरा जमाए मनोज जरांगे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांग नहीं मानी गई, तो पांच करोड़ से ज्यादा लोग मुंबई आएंगे। उन्होंने मराठा आरक्षण प्रदर्शनकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि मुंबई में आम आदमी को उनके कारण असुविधा का सामना न करना पड़े। जरांगे ने अपने अनशन के चौथे दिन से पानी पीना बंद करने का संकल्प लेते हुए कहा कि वह मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी में आरक्षण देने की अपनी मांग को लेकर गोलियां खाने को भी तैयार हैं। उन्होंने सरकार से उपलब्ध रिकॉर्ड को आधार बनाते हुए आरक्षण के आधार पर एक सरकारी आदेश जारी करने की मांग की है।

पत्रकाराओं से दुर्व्यवहार की CM ने की निंदा, जरांगे ने कहा, बदनाम करने की साजिश

■ पेज 1 से आगे

मुख्यमंत्री आवास वर्षा पर हुई बैठक में मंत्रिमंडल उपसमिति के अध्यक्ष राधाकृष्ण विखे पाटील ने कहा कि अगर मनोज जरांगे का कोई शिष्टमंडल है तो बताएं। चर्चा किससे करनी है? क्या माइक पर चर्चा होती है? मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सरकार हठधर्मिता का रुख नहीं अपना सकती। हम रास्ता निकाल रहे हैं। कोई चर्चा के लिए आगे आए तो समाधान जल्दी निकल सकता है। फडणवीस ने जरांगे पाटिल के उस आरोप को खारिज किया कि व्यापारियों से जबरन दुकानें बंद कराई गई। सरकार ने ही व्यापारियों से कहा कि वे दुकानें चालू रखें, हम पुलिस संरक्षण दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने आंदोलन के दौरान पत्रकाराओं से अभद्र व्यवहार की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा, हमने पहले भी 30 से अधिक मराठा मोर्चे देखे हैं। इन मोर्चों का अनुशासन भी देखा है। मेरी समझ के अनुसार मनोज जरांगे को जो अनशन की अनुमति दी गई थी, उसमें कुछ शर्तें थीं। इनका उल्लंघन हुआ है। सड़कों पर जो गतिविधियां चल रही हैं, उस पर न्यायालय ने नाराजगी व्यक्त की है।

कोई सड़क पर गाड़ी नहीं लगाए: जरांगे

सोमवार शाम को मनोज जरांगे पाटिल ने कहा कि वे अदालत के निर्देशों का पालन करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सड़कों से वाहन हटाने की अपील की। जरांगे ने कहा कि मुंबईकरों को आंदोलन से तकलीफ नहीं होनी चाहिए। महिला पत्रकारों से हुए अभद्र व्यवहार पर उन्होंने कहा कि ये हमें बदनाम करने का षडयंत्र है।

बराबरी = की भाषा
नवभारत टाइम्स की पहल
* इस लेख में इस्तेमाल स्त्रीलिंग शब्द पत्रकारा पाठकों की सहमति से 'बराबरी की भाषा' अभियान के तहत चुने गए हैं। इस पर अपनी राय हमें ईमेल कर सकते हैं।
nbtreader@timesofindia.com

मराठा प्रतिनिधिमंडल ने